IDES
ILLINOIS DEPARTMENT OF EMPLOYMENT SECURITY

संघीय बेरोज़गारी कार्यक्रम 4 सितंबर, 2021 को समाप्त हो रहे हैं।

हम जानते हैं कि ये कार्यक्रम जटिल हो सकते हैं, और हो सकता है कि आपके मन में यह प्रश्न हो कि इन समाप्तियों का आपके लिए क्या अर्थ है। क्या-कुछ बदल रहा है यह समझने के लिए हमारी मार्गदर्शिका पर एक नज़र डालें:

FPUC

संघीय महामारी बेरोजगारी क्षतिपूर्ति

$300 का पूरक

यह कार्यक्रम किसके लिए था?

हर वह व्यक्ति जिसे किसी भी प्रकार के बेरोज़गारी बीमा लाभ मिल रहे हैं।

यह कार्यक्रम क्या करता था?

FPUC हर दावाकर्ता के साप्ताहिक लाभों के ऊपर अपने-आप $300 जोड़ देता था।

मुझे कैसे पता चलेगा कि यह मुझ पर लागू होता है या नहीं?

यदि वर्तमान में आपको किसी भी प्रकार का बेरोज़गारी बीमा मिल रहा है, तो आपको हर सप्ताह अपने-आप $300 का FPUC अनुपूरक मिल जाता है।

4 सितंबर को क्या बदल रहा है?

$300 का FPUC अनुपूरक समाप्त हो रहा है। यदि आप अभी-भी लाभों के पात्र हैं, तो आपको केवल अपनी सामान्य साप्ताहिक लाभ दर ही मिलेगी।

यदि यह मुझ पर लागू होता है तो मुझे क्या करना चाहिए?

- हालांकि $300 का अनुपूरक समाप्त हो रहा है, पर यदि आप अन्यथा पात्र बने रहते हैं और प्रमाणन जारी रखते हैं तो आपको आपकी सामान्य साप्ताहिक लाभ दर आगे भी मिलती रहेगी।
- यदि आपको अतिरिक्त सहायता चाहिए हो, तो भोजन, आवास, स्वास्थ्य बीमा और अन्य सेवाओं के बारे में जानने के लिए ides.illinois.gov/moreassistance पर आएं।
- याद रखें: IDES अगला करियर खोजने में आपकी मदद कर सकते हैं। 1,00,000+ नौकरियों में खोज करने के लिए आज ही IllinoisJobLink.com पर आएं। यदि आपने बेरोज़गारी लाभों के लिए आवेदन किया है, तो आपके पास पहले से ही एक IllinoisJobLink.com खाता है!

PUA

महामारी बेरोजगारी सहायता

UI के लिए सामान्यतः अपात्र कर्मियों हेतु कार्यक्रम

यह कार्यक्रम किसके लिए था?

PUA उन कर्मियों के लिए बनाया गया था जो सामान्यतः बेरोज़गारी बीमा के लिए पात्र नहीं हो सकते हैं पर जो वैश्विक-महामारी के कारण बेरोज़गार हैं। उदाहरण के लिए, PUA ने स्वरोज़गारी लोगों जैसे संविदा कर्मियों या स्वतंत्र ठेकेदारों को कवर किया था।

यह कार्यक्रम क्या करता था?

PUA ने उन कर्मियों को लाभ प्रदान किए जो आमतौर पर उन्हें प्राप्त नहीं कर सकते थे।

मुझे कैसे पता चलेगा कि यह मुझ पर लागू होता है या नहीं?

आपको नियमित बेरोज़गारी लाभ नहीं बल्कि PUA लाभ मिल रहे हैं या नहीं यह पता लगाने के कुछ तरीके हैं। उदाहरण के लिए:

- आपको IDES से जो पत्र-व्यवहार मिलता है उसमें लिखा है कि आप PUA कार्यक्रम में हैं

4 सितंबर को क्या बदल रहा है?

PUA समाप्त हो रहा है। 4 सितंबर को समाप्त हो रहे सप्ताह के बाद, आप PUA के अंतर्गत नए सप्ताहों के लिए प्रमाणन नहीं कर सकेंगे। यदि आपका PUA खाता आपको यह दिखाता है कि 4 सितंबर के बाद भी आपके सप्ताह बचे हुए हैं तो भी, कांग्रेस ने यह तय किया है कि यह कार्यक्रम उक्त दिनांक को समाप्त हो रहा है, इसलिए आपके खाते में जो भी

• आप दो सप्ताह में एक बार की बजाय हर सप्ताह प्रमाणन करते हैं • आप अपने दावे के प्रबंधन के लिए PUA पोर्टल का उपयोग करते हैं	अतिरिक्त सप्ताह दिख रहे हों वे 4 सितंबर के बाद उपलब्ध नहीं होंगे।

यदि यह मुझ पर लागू होता है तो मुझे क्या करना चाहिए?

- IDES अगला करियर खोजने में आपकी मदद कर सकते हैं। 1,00,000+ नौकरियों में खोज करने के लिए आज ही IllinoisJobLink.com पर आएं।
- यदि आपको अतिरिक्त सहायता चाहिए हो, तो भोजन, आवास, स्वास्थ्य बीमा और अन्य सेवाओं के बारे में जानने के लिए ides.illinois.gov/moreassistance पर आएं।

PEUC

महामारी आपातकालीन बेरोजगारी क्षतिपूर्ति

लाभों के विस्तारित सप्ताह

यह कार्यक्रम किसके लिए था?	**यह कार्यक्रम क्या करता था?**
नियमित बेरोज़गारी बीमा के ऐसे दावाकर्ता जिन्होंने लाभों के अपने 26 सप्ताहों का उपयोग कर लिया था और जिन्हें विस्तार चाहिए था।	सामान्य रूप से, नियमित बेरोज़गारी बीमा केवल 26 सप्ताह तक चलता है। PEUC ने उन शुरुआती 26 सप्ताहों का उपयोग कर चुके दावाकर्ताओं के लिए लाभों को अपने-आप ही विस्तार दे दिया था।
मुझे कैसे पता चलेगा कि यह मुझ पर लागू होता है या नहीं? यदि आपके लाभों के शुरुआती 26 सप्ताह समाप्त हो गए थे, तो आपको IDES से एक पत्र और एक ईमेल मिले होंगे जिसमें आपको बताया गया था कि आपको अपने-आप ही PEUC में पहुंचा दिया गया है। यदि आपको 26 सप्ताह के बाद बेरोज़गारी बीमा नहीं मिला है, तो इसका अर्थ है कि PEUC आप पर लागू नहीं होता है।	**4 सितंबर को क्या बदल रहा है?** 4 सितंबर के बाद, नियमित बेरोज़गारी बीमा फिर से केवल 26 सप्ताह का ही हो जाएगा, और PEUC लाभ रुक जाएंगे।

यदि यह मुझ पर लागू होता है तो मुझे क्या करना चाहिए?

- यह संभव है कि उस कार्यक्रम के 9/11/2021 को समाप्त होने से पहले आप एक सप्ताह के विस्तारित लाभों के पात्र हों। IDES अपने-आप जांच करके आपको बताएगा कि आप इस अतिरिक्त सप्ताह के पात्र हैं या नहीं या आप नियमित लाभों के पात्र हैं या नहीं।
- IDES अगला करियर खोजने में आपकी मदद कर सकते हैं। 1,00,000+ नौकरियों में खोज करने के लिए आज ही IllinoisJobLink.com पर आएं।
- यदि आपको अतिरिक्त सहायता चाहिए हो, तो भोजन, आवास, स्वास्थ्य बीमा और अन्य सेवाओं के बारे में जानने के लिए ides.illinois.gov/moreassistance पर आएं।

MEUC

मिश्रित अर्जक बेरोजगारी मुआवजा

मिश्रित अर्जक के लिए *$100 का पूरक*

यह कार्यक्रम किसके लिए था?	**यह कार्यक्रम क्या करता था?**
मिश्रित अर्जक ऐसे कर्मी होते हैं जो स्वरोज़गारी आय और पारंपरिक W2 रोज़गार, दोनों के माध्यम से धनार्जन करते हैं।	MEUC ने पात्र मिश्रित अर्जकों को सामान्य बेरोज़गारी बीमा लाभों के ऊपर एक $100 का अनुपूरक प्रदान किया था।

उदाहरण के लिए, एक गीतकार जो प्रशासनिक सहायक के रूप में भी धनार्जन करता है, एक मिश्रित अर्जक है।	
मुझे कैसे पता चलेगा कि यह मुझ पर लागू होता है या नहीं? दावाकर्ताओं को IDES की वेबसाइट पर एक अलग आवेदन भरना था। यदि आपने वह आवेदन भरा था और आपके लिए वह $100 का अनुपूरक स्वीकृत हुआ था, तो आपको पता चल जाएगा कि आपको MEUC लाभ मिल रहे हैं या नहीं।	**4 सितंबर को क्या बदल रहा है?** MEUC 4 सितंबर को समाप्त हो रहा है, इसलिए $100 के अनुपूरक का भुगतान *4 सितंबर* के बाद के किसी भी सप्ताह के लिए नहीं किया जा सकता है। 4 सितंबर से पहले के सप्ताहों के लिए लाभों का भुगतान पूर्व-प्रभावी ढंग से किया जा सकता है, इसलिए यदि आपका आवेदन अभी-भी लंबित है तो चिंता न करें।

यदि यह मुझ पर लागू होता है तो मुझे क्या करना चाहिए?

- IDES अगला करियर खोजने में आपकी मदद कर सकते हैं। 1,00,000+ नौकरियों में खोज करने के लिए आज ही IllinoisJobLink.com पर आएं।
- यदि आपको अतिरिक्त सहायता चाहिए हो, तो भोजन, आवास, स्वास्थ्य बीमा और अन्य सेवाओं के बारे में जानने के लिए ides.illinois.gov/moreassistance पर आएं।

यदि मेरा दावा अभी-भी लंबित हो तो?

यदि आपने किसी समाप्त हो रहे कार्यक्रम के लिए 4 सितंबर से पहले दावा दर्ज किया था, तो हम तब भी आपकी जानकारी की समीक्षा करेंगे। यदि आप पात्र हैं, तो आपको 4 सितंबर से *पहले के* सप्ताहों के लिए पूर्व-प्रभावी ढंग से लाभ मिल सकते हैं। हालांकि, आपको इनमें से किसी भी कार्यक्रम हेतु 4 सितंबर से *बाद के* सप्ताहों के लिए लाभ नहीं मिल सकते हैं।

- **उदाहरण #1**: आपने 4 सितंबर से पहले नियमित UI कार्यक्रम में एक अपील दायर की थी। IDES आपकी अपील की समीक्षा करता है और यह पाता है कि आप 28 अगस्त, 4 सितंबर और 11 सितंबर को समाप्त होने वाले सप्ताहों हेतु लाभों के लिए पात्र हैं। आपको नियमित UI के तीनों सप्ताह मिलेंगे। लेकिन, आपको $300 के FPUC अनुपूरक के केवल 2 सप्ताह मिलेंगे (28 अगस्त और 4 सितंबर को समाप्त होने वाले सप्ताहों के लिए) क्योंकि FPUC कार्यक्रम 4 सितंबर, 2021 को समाप्त हो गया है।
- **उदाहरण #2**: आपने 15 अगस्त को एक PUA दावा दर्ज़ किया था। आपको PUA लाभों के लिए पात्र पाया गया है। यह मानते हुए कि आप अन्य सभी PUA आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं, आपको 15 अगस्त से लेकर 4 सितंबर तक PUA लाभ मिल सकते हैं। लेकिन, चूंकि PUA कार्यक्रम 4 सितंबर को समाप्त हो गया है, इसलिए आपको उक्त दिनांक के बाद कोई PUA लाभ नहीं मिल सकता है।